Roll No. .... Total Pages: 04

1116

I[st] YEAR ARTS EXAMINATION, 2018

हिन्दी साहित्य

प्रथम प्रश्न पत्र

काव्य

Time: Three Hours

Maximum Marks: 100

PART – A (खण्ड – अ) *[Marks: 20]*

Answer all questions (50 words each).

All questions carry equal marks.

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 50 शब्दों से अधिक न हो।

सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

PART – B (खण्ड – ब) *[Marks: 50]*

Answer five questions (250 words each).

Selecting one from each unit. All questions carry equal marks.

*प्रत्येक इकाई से **एक–एक** प्रश्न चुनते हुए, कुल पाँच प्रश्न कीजिए।*

प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 250 शब्दों से अधिक न हो।

सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

PART – C (खण्ड – स) *[Marks: 30]*

Answer any two questions (300 words each).

All questions carry equal marks.

*कोई **दो प्रश्न** कीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 300 शब्दों से अधिक न हो।*

सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

खण्ड– अ

प्र.1 सभी प्रश्न करना अनिवार्य हैं–

इकाई – I

(i) आधुनिक खड़ी बोली का प्रथम महाकाव्य किसे कहा गया है और इसके लेखक का नाम लिखिए?

(ii) 'चित्रकूट में राजसभा' कविता में "यह सच है तो अब लौट चलो तुम घर को" यह वाक्य किसने किससे कहा?

इकाई – II

(iii) जयशंकर प्रसाद ने अपनी रचना 'पेशोला की प्रतिध्वनि' में किसका वर्णन किया है?

(iv) सुमित्रानंदन पंत द्वारा रचित किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए?

इकाई – III

(v) महादेवी वर्मा को 'करुणा की रानी' क्यों कहा जाता है?

(vi) 'जागो फिर एक बार' के माध्यम से कवि निराला किसे जगाना चाहता है?

इकाई – IV

(vii) "दाँतों उंगली धरे खड़ा अचरज से भरा जमाना है" पंक्तियां कवि दिनकर की किस रचना से ली गई है?

(viii) कवि 'अज्ञेय' ने 'बावरा अहेरी' किसे और क्यों कहा?

इकाई – V

(ix) द्विवेदी युग के दो प्रमुख कवियों के नाम लिखिए।

(x) 'यमक' अलंकार किसे कहते हैं?

खण्ड– ब

इकाई – I

प्र.2 'श्याम संदेश' कविता के माध्यम से कवि 'हरि औध' क्या संदेश देना चाहते है सोदाहरण लिखिए।

प्र.3 'चित्रकूट में राजसभा' कविता के आधार पर कैकेयी का चरित्र चित्रण कीजिए।

<u>इकाई – II</u>

प्र.4 'बरुणा की कछार' रचना का काव्य सौन्दर्य उद्‌घाटित कीजिएः–

प्र.5 सप्रसंग व्याख्या कीजिए :–

कंकाल जाल जग में फैले
फिर नवल रुधिर –पल्लव लाली।
प्राणों की मर्मर से मुखरित
जीवन की मांसल हरियाली।
मंजरित विश्व में यौवन के
जग कर जग की पिक मतवाली
निज अमर प्रणय स्वर–मदिरा से
भर दे फिर नव युग की प्याली।

<u>इकाई – III</u>

प्र.6 'मैं नीर भरी दुख की बदली' कविता का काव्य सौन्दर्य उद्‌घाटित कीजिए।

प्र.7 सप्रसंग व्याख्या कीजिएः–

मदिरा की वह नदी बहाती आती,
थके हुए जीवों को वह सस्नेह
प्याला एक पिलाती,
सुलाती उन्हें अंक पर अपने,
दिखलाती फिर विस्मृति के वह अगणित मीठे सपने,
अर्धरात्रि की निश्चलता में हो जाती जब लीन,
कवि का बढ़ जाता अनुराग,
विरहाकुल कमनीय कंठ से
आप निकल पड़ता तब एक विहाग।

इकाई – IV

प्र.8 सप्रसंग व्याख्या कीजिए:–

शोषण की श्रृंखला के हेतु बनती जो शान्ति
युद्ध है, यथार्थ में, वो भीषण अशान्ति है;
सहना उसे हो मौन हार मनुजत्व की है,
ईश की अवज्ञा घोर, पौरुष की श्रान्ति है;
पातक मनुष्य का है, मरण मनुष्यता का,
ऐसी श्रृंखला में धर्म विप्लव है; क्रान्ति है।

प्र.9 'कलगी बाजरे की' कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए।

इकाई – V

प्र.10 निम्नलिखित छंदों के लक्षण व उदाहरण लिखिए:–

(अ) रोला

(ब) गीतिका

प्र.11 अलंकार किसे कहते हैं? यमक और उत्प्रेक्षा अलंकारों के लक्षण व उदाहरण लिखिए।

खण्ड– स

इकाई – I

प्र.12 'श्याम संदेश' कविता के माध्यम से 'प्रिय प्रवास' काव्य का वैशिष्ट्य उद्घाटित कीजिए।

इकाई – II

प्र.13 "पंत–प्रकृति के अद्भुत चित्रकार हैं।" इस कथन के आधार पर पंत के प्रकृति–चित्रण को विवेचित कीजिए।

इकाई – III

प्र.14 "निराला में विद्रोह और करुणा की अद्भुत समन्वित लय मिलती है।" कथन के आधार पर निराला के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालिए।

इकाई – IV

प्र.15 दिनकर रचित 'प्रतिशोध' कविता में निहित भावों का वर्णन कीजिए।

इकाई – V

प्र.16 छायावादी काव्यधारा की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।